हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

मंगलवार, 20 अगस्त, 2019/29 श्रावण, 1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 55

अनाज मंडी

***1166 श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि टकारला में निर्माणाधीन अनाज मण्डी/ सब्जी मण्डी के लिए जायका के माध्यम से कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है?

विस्थापित परिवार

***1167 श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या सरकार भाखड़ा बांध विस्थापितों के भूमि सम्बन्धी मामलों की विसंगतियों को दूर करने हेतु पुनः बन्दोबस्त करवाएगी; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने इस हेतु जिला स्तर पर कमेटी के गठन का निर्णय लिया था; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें?

M.G.M.S.C Khaneri

***1168 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) what is the sanctioned strength of Doctors, Nurses, Para-medical staff in M.G.M.S.C. Khaneri (Rampur); how many posts are lying vacant and by when the vacant posts will be filled up; and

(b) whether the X-Ray and Ultrasound machines are functional; if not by when these will be made functional?

बस स्टैंड

***1169 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रिवालसर में बनने वाले बस स्टैंड का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

Shifting of Sabzi Mandi

***1170 Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) whether there is any proposal to shift existing Sabzi Mandi from Middle/ Lower Bazar to any other alternative site; and

(b) by when the construction work of sabzi Mandi at Totu will be started?

पशु औषधालय

***1171 श्री हीरा लाल(करसोग) :**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु चिकित्सालय व औषधालय हैं जिनके अपने भवन हैं तथा कितने किराये के भवन में चल रहे हैं और इनके भवन निर्माण हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) इनमें कुल कितने पद किस श्रेणी के रिक्त हैं; और

(ग) सरकार इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

Vacant Posts

***1172 Sh. Hoshyar Singh(Dehra) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of different categories in Public Works Department in Dehra Division are lying vacant; by when these posts will be filled-up;

(b) what is latest position of the construction work of office building of Public Works Department Dehra; by when the work will be completed;

(c) how many vehicles and machinery are there in Dehra Division; and

(d) the details of specification alongwith the working condition of vehicles and machinery be laid on the Table of the House?

Vacancies

***1173 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) what is the vacancy position of Drivers and Conductors in each Transport Depot of the H.R.T.C;

(b) how many buses have completed more than 8 lac K.M; and

(c) will the Government increase the number of Public Transport Fleet?

132के0 वी0 गोन्दपुर फीडर

***1174 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 6 माह में दिनांक 31.07.2019 तक 132 के0 वी0 गिरी गोन्दपुर फ़ीडर पर कितनी बार व्यवधान पड़ा; इसके क्या कारण रहे; और

(ख) इसमें व्यवधान पड़ने के कारण पांवटा साहिब व शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में वैकल्पिक व्यवस्था है; यदि नहीं हैं, तो क्या सरकार वैकल्पिक व्यवस्था करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

पेयजल योजना

*1175 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार उप-तहसील कोटला की 13 पंचायतों में पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु विशेष योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) सुखा हार नहर सिंचाई योजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

आई0 टी0 आई0 स्वारघाट

*1176 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आई0 टी0 आई0 स्वारघाट के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

शिक्षकों का स्थानान्तरण

*1177 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने शिक्षकों के स्थानान्तरण किये गए हैं; ब्यौरा महाविद्यालय एवं पाठशालावार दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न पाठशालाओं एवं महाविद्यालयों में प्राध्यापकों/अध्यापकों के कितने पद रिक्त पड़े हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

आयुर्वेद अस्पताल

*1178 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आयुर्वेद विभाग का 50 बिस्तरों का अस्पताल आयुष विभाग द्वारा बनाया जाना प्रस्तावित है?

जल निकासी व्यवस्था

***1179 श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ऊना शहर में जल निकासी हेतु DPR तैयार की गई है; इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें ?

पुलिस सहायता कक्ष का उन्नयन

***1180 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत धनोटू में पुलिस सहायता कक्ष का उन्नयन करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

स्वीकृत धनराशि

***1181 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक भू-सरंक्षण उप-मण्डल पालमपुर हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और इस उप-मण्डल के अन्तर्गत विभिन्न विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों को कितनी धनराशि आवंटित की गई; और

(ख) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी डी0 पी0 आर0 बनी हैं, कितनी स्वीकृत हुई हैं तथा कितनी योजनाओं पर कार्य चल रहा है; ब्यौरा दें?

नागरिक अस्पताल लड़भड़ोल

***1182 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नागरिक अस्पताल लडभड़ोल के उन्नयन हेतु सरकार द्वारा कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(ख) विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत किए गए हैं; श्रेणीवार ब्यौरा दें?

स्थानान्तरण

***1183 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक प्रदेश में विशेषकर सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में कितने स्थानान्तरण किए गए; ब्यौरा विभागवार दें?

फल विधायन केंद्र

***1184 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार इंदौरा में HPMC का फल विधायन केंद्र खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; नहीं, तो कारण?

Multi-storey Parking

***1185 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) by when the construction work of multi-storey parking near Mini Secretariat at Hamirpur by the Tourism Department will be completed; and

(b) how much amount has been spent till date; details be given?

विधायक प्राथमिकताएं

***1186 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकताओं में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की कितनी योजनाएं स्वीकृति की गईं तथा इनकी DPR की अद्यतन स्थिति क्या है?

Construction of Bypass

***1187 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state what is the latest position of construction work of Shamti bypass road and by when it will be completed?

जोल सप्पड़ मेडिकल कॉलेज

***1188 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नदौन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जोल सप्पड़ में मेडिकल कॉलेज को केन्द्र सरकार से कब स्वीकृति प्राप्त हुई व इसकी अधिसूचना कब जारी हुई;

(ख) इसका शिलान्यास कब किया गया और इसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा;

(ग) कॉलेज निर्माण के लिए सरकार ने कितनी धनराशि का प्रावधान किया है एवं केन्द्र सरकार से कितनी धनराशि प्राप्त हुई है; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(घ) जोल सप्पड़ मेडिकल कॉलेज का पहला बैच कब और कितनी सीटों के साथ हमीरपुर अस्पताल में बिठाया गया; क्या वहां पर सुविधाएं और फैकल्टी पूर्ण है; ब्यौरा दें?

Cases of Nautor

***1189 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that more than 20,000 cases of Nautor are pending in the Tribal areas of Pradesh;

(b) why the Government is not sanctioning these cases; and

(c) is it a fact that in the year 2018, only one case of Nautor was sanctioned in Kinnaur district and why other cases were not sanctioned?

साइंस ब्लॉक भवन निर्माण

***1190 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत रा0व0मा0पा0 कोटी में साइंस ब्लॉक के भवन का निर्माण किया जा रहा है; और

(ख) यदि हां, तो इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत थी; कितनी व्यय की जा चुकी है और इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

बस सेवा

***1191 श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि लंबी दूरी की एच0आर0टी0सी0 बसों में कम दूरी के यात्रियों को नहीं बिठाया जाता है; और

(ख) यह सत्य है कि एच0आर0टी0सी0 की बसों द्वारा पंजाब के सीमावर्ती शहर होशियारपुर से गगरेट तक आने वाले यात्रियों को नहीं बिठाया जाता है; यदि हां, तो सरकार होशियारपुर से गगरेट तक नई बस सेवा प्रारम्भ करने का विचार रखती है?

फोरलेन

***1192 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने पठानकोट-मंडी तथा शिमला-धर्मशाला तक फोरलेन बनाने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो इन सड़कों की चौड़ाई कितनी होगी तथा इनका कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

पुलिस बल की बढ़ोतरी

*1193 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बद्दी-बरोटीवाला नालागढ़ (BBN) में आपराधिक मामले अत्यधिक होने के कारण सरकार पुलिस बल को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पुल निर्माण

*1194 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गत वर्ष रेणुका मेले के दौरान गिरी नदी पर पुल का शिलान्यास किया गया था; यदि हां, तो इसके निर्माण में विलम्ब के क्या कारण रहे?

बस सेवा

*1195 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने बस रूट बन्द किए गए और इन बस रूटों को पुनः बहाल करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

*1196 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि तहसील कल्याण अधिकारी अम्ब के कार्यालय में कितने पद रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Sabzi Mandi Building

*1197 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) how much funds have been provided for the construction of Sabzi Mandi building (New) at Dhakolar Rampur; and

(b) by when the construction work will be started?

मिनी सचिवालय

*1198 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नेरचौक में बनने वाले मिनी सचिवालय के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

Construction of Shooting Range/Stadium

*1199 **Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) what is the time-frame prescribed by the Government for starting the construction work of Shooting Range at Loharb and by when the work will be completed;

(b) how much funds have been provided for the construction of this Range; and

(c) what is the latest position of construction of Katasni Stadium and how much funds have been provided for the same?

Vacant Posts

***1200 Sh. Hoshyar Singh (Dehra):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state how many posts of different categories in Rural Development & Panchayati Raj Department are lying vacant in Block Dehra, Pragpur and Nagrota Surian; by when these posts will be filled up?

Crop Insurance

***1201 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state :-

(a) during the last two years upto 31-07-2019, how many farmers opted for the Weather Based Crop Insurance Scheme in District Shimla and which Company was given the contract for the same;

(b) what was the amount of premium collected from the farmers by the State & Central Government by the Insurance Company; and

(c) how many farmers were paid amount of claim by the Company?

सीमेंट की गुणवत्ता

***1202 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम सीमित द्वारा पंचायतों को आवंटित किए जा रहे सीमेंट की गुणवत्ता घटिया है; और

(ख) सरकार ने सीमेंट के सैम्पल लिए हैं; यदि हां, तो रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें?

राजस्व भवन

***1203 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार उप-तहसील नगरोटा सूरियां में राजस्व भवन तथा उप-तहसील कोटला के लिए भवन बनाने का विचार रखती है?

स्वाहण-कटिरड-पंग्वाणा सड़क

*1204 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि स्वाहण-कटिरड-पंग्वाणा सड़क के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

विश्राम गृह निर्माण

*1205 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुटारा में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

आई0 टी0 आई0 ट्रेड

*1206 **श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सुन्दरनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्टेट ऑफ द आर्ट आई0 टी0 आई0 में कौन-कौन से ट्रेड चल रहे हैं, इनमें कितने विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं; और

(ख) इस आई0टी0 आई0 के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

रेशम कीट

*1207 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक प्रदेश में रेशम कीट पालकों को कितने रेशम कीट शैड स्वीकृत हुए हैं तथा निर्माण हेतु कितनी धनराशि प्रदान की गई; ब्यौरा जिलावार दें;

(ख) क्या रेशम कीट शैडों का निर्माण पक्के छत के ऊपर किया जा सकता है; यदि हाँ, तो अब तक ऐसे कितने शैडों का निर्माण हुआ है; और

(ग) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने रेशम कीट शैड स्वीकृत हुए हैं; ब्यौरा रेशम कीट पालकों के नाम सहित दें?

पंचायतों को सम्मिलित करना

***1208 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की पन्द्रह ग्राम पंचायतें विकास खंड पंचरुखी व लम्बा गाँव के अधीन हैं; यदि हां, तो सरकार कब तक इन्हें विकास खण्ड बैजनाथ में सम्मिलित करने का विचार रखती है?

पदपूर्ति

***1209 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत विभाग में कनिष्ठ अभियन्ताओं व फील्ड स्टाफ के कितने पद रिक्त हैं और इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

चिकित्सकों की रिक्तियां

***1210 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत P.H.Cs/C.H.Cs/Sub Centers में चिकित्सकों के कितने पद रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) क्या सरकार सुजानपुर नागरिक अस्पताल में मेडिसन विशेषज्ञ के पद भरने का विचार रखती है; और

(ग) इस अस्पताल में नए भवन का निर्माण कब तक कर दिया जाएगा?

Gau Sadan

***1211 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that the Government is going to open a Gau Sadan at Jangalberi on the bank of river Beas; and

(b) if yes, during the last two years upto 31-07-2019, how much amount has been spent on the construction of Gau Sadan?

विधायक प्राथमिकता

*1212 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता के कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किए गए तथा उनकी DPR की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

Kiari-Khinna Road

*1213 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether it is a fact that Kiari-Khinna Road is under MLA Priority Scheme; if so, what is the latest postion of this road?

लम्बित अदायगी के मामले

*1214 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार आढ़तियों के पास किसानों व बागवानों की लम्बित अदायगी के बारे SIT गठित करने के निर्देश दिए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो किसानों और बागवानों की लम्बित अदायगी के कितने मामले APMC/ पुलिस विभाग/SIT के ध्यान में आए हैं; ब्यौरा बागवानों व किसानों के नाम व पते, अदायगी की जाने वाली धनराशि व आढ़तियों के नाम सहित दें; और

(ग) SIT/APMC की कार्रवाई के उपरान्त कितने किसानों व बागवानों को अदायगी की गई है; किसानों व बागवानों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

Installation of V. Sets

*1215 **Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) how much funds have been provided for installation of V. Sets in each Panchayat of Kinnaur District;

(b) is it a fact that the V.sets installed in panchayats of Kinnaur District are not functional; and

(c) what action the Government has taken against the Company who has installed these V.sets?

केलेस्टन-बरमु सड़क

*1216 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि केलेस्टन से बरमु सड़क को PMGSY के अन्तर्गत बनाया गया था और इसे मैटल भी किया गया था;

(ख) यदि हां, तो मैटल करने के उपरान्त सड़क कई स्थानों पर उखड़ गई है; और

(ग) इसे पुनः मैटल करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

कृषि सहकारी सभाएं

*1217 **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) कृषि सहकारी सभाओं में नॉन मेंबर की धनराशि जमा करने पर सरकार द्वारा पाबंदी लगाई गई है;

(ख) यह सत्य है कि इससे इन सहकारी सभाओं को आर्थिक नुकसान हो रहा है; यदि हां, तो सरकार इस पाबंदी को हटाने का विचार रखती है; और

(ग) सरकार इन सभाओं का ऑडिट करवाने का विचार रखती है?

हवाई अड्डे का विस्तारीकरण

*1218 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि कांगडा (गगल) हवाई अड्डे का विस्तारीकरण किया जा रहा है; यदि हां तो इसकी कुल कितनी लम्बाई होगी तथा इससे कितनी तथा कौन-कौन सी पंचायतें प्रभावित होंगी?

रेणुका बांध

*1219 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश सरकार द्वारा रेणुका बांध हेतु समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है; और

(ख) इस बांध के निर्माण का पुनः प्राक्कलन (re-estimate) तैयार किया गया है; यदि हां, तो इसके निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय होगी?

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र

*1220 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र व उप केन्द्र हैं तथा इनके भवन निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; नाम व स्थान सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इन स्वास्थ्य केन्द्रों में कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांक: 3 अगस्त, 2019. **सचिव।**